NOT APPROVED

# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2016/ 29 अग्रहायण, 1938 (शक्)

----

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].

**कुल प्रश्न - 14**

----

### रिक्त पद

1498 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत चालू पेयजल योजनाओं में फिटर, फिटर सहायक, सहायक व पम्प ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो कुल्लू मण्डल-I व II में कितने पद कब से और कहां-कहां रिक्त हैं; ब्यौरा दें;

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(घ) सरकार क्या इन योजनाओं को चलाने के लिए जलरक्षक रखने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## भूमि का तबादला

1499 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सुल्तानपुर, कुल्लू की भूमि का तबादला शिक्षा विभाग के नाम कर दिया है; और

(ख) यदि नहीं, तो कब तक भूमि का हस्तान्तरण शिक्षा विभाग के नाम कर दिया जाएगा?

----

## रेडियोग्राफर की रिक्तियां

1500 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 1997 से प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में 67 X-Ray मशीनें रेडियोग्राफरों के अभाव में बन्द पड़ी हैं; यदि हां, तो इन मशीनों का क्रय करने से पूर्व एवं पश्चात् रेडियोग्राफर के रिक्त पदों को न भरने के क्या कारण हैं; और

(ख) प्रदेश में रेडियोग्राफर के पद किस-किस स्वास्थ्य संस्थान में कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा जिलाशः दें?

NOT APPROVED

----

## सड़क सुविधा

1501 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जिला चम्बा में कितने गांवों को सड़कों से जोड़ा गया; ब्यौरा पंचायतवार दें;

(ख) इस अवधि में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई सड़कों का कार्य प्रगति पर है तथा यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार मनसा बंजल, नेरा, शिंड, जुंगरार मक्कन, चचूल व सोहा गांवों को कब तक सड़क से जोड़ने का विचार रखती है; ब्यौरा गांववार दें?

----

NOT APPROVED

## बस अड्डे का निर्माण

1502 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा में बस अड्डे के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

1503 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अग्निशमन केन्द्र की स्थापना कर दी गई है; यदि हाँ, तो कहां; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

NOT APPROVED

1504 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत हैं;

(ख) इन योजनाओं के संचालन हेतु किस-किस श्रेणी के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा पद व श्रेणीवार दें; और

(ग) इनमें से कितने पद भरे हुए हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा पद व श्रेणीवार दें?

----

## कूहलों की मरम्मत

1505 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार कितनी सिंचाई कूहलें निर्मित हैं;

(ख) इनमें से कितनी सिंचाई कूहलें चालू हालत में हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

NOT APPROVED

(ग) कितनी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और इनकी मरम्मत कब तक कर दी जायेगी; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण

1506 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31-10-2016 तक प्रदेश में कितने प्रवासी मजदूर कार्यरत थे;

(ख) ये सभी क्या पंजीकृत थे; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) गत तीन वर्षों में इनमें से कितने लोगों की संलिप्तता आपराधिक मामलों में पाई गई; ब्यौरा वर्षवार दें ?

----

## टी0डी0 हेतु मापदण्ड

1507 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा लकड़ी वितरण (टी0डी0) बंद कर दी गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो टी0डी0 के लिए क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

1508 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 8 नवम्बर, 2016 को नोटबन्दी के उपरान्त दिनांक 30-11-2016 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के विभिन्न डिपो में 500 व 1000 रूपये के पुराने नोट कितनी-2 मात्रा में प्राप्त हुये; ब्यौरा डिपोवार दें;

(ख) सरकार को क्या ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने पुराने 500/1000 रूपये के नोट इन डिपुओं में नए नोटों से बदले गए हैं; यदि हां, तो कहाँ-कहाँ व कितनी-कितनी मात्रा में; और

(ग) सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

NOT APPROVED

## सड़कों की मैटलिंग/टारिंग

1509 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन सी सड़कों की मैटलिंग व टारिंग की स्वीकृति दी गई तथा इनमें से कौन-कौन सी सड़कों पर मैटलिंग व टारिंग का कार्य किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) इस कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इसमें से कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

----

## Drinking Water/Irrigation Supply Schemes

1510 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-
(a) during 1st January, 2013 to 30th November, 2016 how many Drinking Water Supply Schemes and Irrigation supply Schemes have been constructed/augmented by the I&PH Department within the jurisdiction of Kutlehar Assembly Constituency; details such as name of each scheme, its capacity, length, category, population benefited and amount spent be given; and

(b) how much amount has been spent year wise on repair and maintenance of each scheme?

----

## Sanctioned Amount

1511 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during 1st January, 2013 to 30th November,2016 how much amount has been sanctioned under Sectoral Decentralised Planning, Mukhya Mantri Gram Path Yojna, Vikas Mein Jan Sahyog and Relief and Restoration in District Una; scheme wise and Assembly constituencywise details be given?

----

**Shimla : 171004.** — **Sunder Singh Verma,**
**Dated: 3rd December, 2016.** — **Secretary.**

NOT APPROVED

NOT APPROVED